राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 176, पेज 8, मूल्य 1 रूपये बुधवार 11 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

राजेश नागर के चुनाव कार्यालयों पर जुट रही क्षेत्र की जनता Page 3



## हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कड़ी चौकसी



**14 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकदी व अन्य कीमती वस्तुएं जब्त**

**435 उड़न दस्ते और 377 स्टेटिक सर्विलांस टीमें गठित**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने आज हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा पड़ोसी राज्यों के साथ चुनाव को लेकर अंतर-राज्यीय सीमा पर समन्वय के लिए बुलाई गई बैठक के दौरान राज्य में व्यापक चुनाव तैयारियों और कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी दी।

बैठक के दौरान डॉ. प्रसाद ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक प्रदेश में कुल 14 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकदी व कीमती वस्तुएं जब्त की गई हैं। जब्त किए गए सामान में 10.45 लाख रुपये की नकदी, 2.44 लाख लीटर शराब, 436.55 लाख रुपये की 2,079 किलोग्राम ड्रग्स, 30.5 किलोग्राम कीमती धातु और 134.98 लाख रुपये मूल्य का अन्य कीमती सामान जब्त किया है।

मुख्य सचिव ने बताया कि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पूरे राज्य में 435 उड़न दस्ते और 377 स्टेटिक सर्विलांस टीमें (एस.एस.टी.) गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, अवैध पदार्थों, बिना लाइसेंस वाले हथियारों और आपराधिक प्रवृति वाले व्यक्तियों की आवाजाही को रोकने के लिए सीमा बिंदुओं पर 133 अंतर-राज्यीय नाके स्थापित किए गए हैं। हरियाणा में शराब, ड्रग्स और अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए अतिरिक्त 140 अंतर-राज्यीय नाके भी लगाए गए हैं।

डॉ. प्रसाद ने बताया कि हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण और पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा बलों के लिए रसद और आवास व्यवस्था के समन्वय के लिए प्रत्येक जिले में डीएसपी रैंक के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस ने 96 बिना लाइसेंस वाले हथियार और 113 कारतूस जब्त किए हैं। इसके अलावा, चुनाव की घोषणा के बाद से 176 घोषित अपराधी, 129 बेल जंपर और 210 वारंट वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

डॉ. प्रसाद ने कहा कि चुनाव से 48 घंटे पहले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को हरियाणा में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ और पंजाब जैसे पड़ोसी राज्यों के साथ लगती अंतर-राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और 133 अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं ताकि कोई भी आपराधिक तत्व या अनधिकृत सामग्री हरियाणा में प्रवेश न कर सके। बैठक में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमा शर्मा, सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल, आबकारी एवं कराधान आयुक्त श्री अशोक मीणा तथा पुलिस और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पृथला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा की नामांकन सभा में गरजे बिप्लब देब

## यह इलेक्शन भारतीय जनता पार्टी का इलेक्शन नहीं, बल्कि हरियाणा के गौरव और स्वाभिमान को बचाने का है : बिप्लब कुमार देब

**जनता को लूटने वाले लोगों को कांग्रेस टिकट देकर सत्ता में बैठाना चाहती है : बिप्लब कुमार देब**

**जनता का उत्साह बता रहा है कि हरियाणा में तीसरी बार बन रही है भाजपा की सरकार : बिप्लब देब**





समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद/पृथला।** पृथला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा की नामांकन सभा में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा यह इलेक्शन भारतीय जनता पार्टी का इलेक्शन नहीं है, यह चुनाव हरियाणा के गौरव और स्वाभिमान को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस पर गरजते हुए बिप्लब देब ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा के किसानों, जवानों को नहीं बल्कि भ्रष्टाचार में जेल में बैठे सुरेंद्र पंवार जैसे व्यक्ति को टिकट दी है। कांग्रेस की सोच भ्रष्टाचारियों को चुनाव जीताकर विधानसभा में भेजना है। इस मौके पर उन्होंने राव दान सिंह को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के दाग कांग्रेस के प्रत्याशियों पर है जिनके घरों पर ईडी के छापे पड़े हैं।

बिप्लब देब ने कहा कि हरियाणा के लोगों को भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहिए कि धर्मसिंह छोक्कर को टिकट किसलिए दी है। जनता को लूटने वाले लोगों को कांग्रेस टिकट देकर सत्ता में बैठाना चाहती है। राहुल गांधी गांधी को घेरते हुए बिप्लब देब ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों में विरोध करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन राहुल गांधी विरोध करने के लिए अमेरिका गया और देश का अपमान कर रहा है। ऐसी पार्टियों के नेताओं को सबक सिखाने का यही सही समय है।

बिप्लब देब ने कहा कि हरियाणा का युवा, किसान, गरीब और महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। हरियाणा के लोगों के लिए पहले देश और देश की मिट्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विकसित बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिप्लब देब ने कहा कि जनता को जोश बता रहा है कि 8 जून को आने वाला परिणाम ऐतिहासिक होगा। बिप्लब देब ने कहा कि जनता जनार्दन ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बनाया हुआ है।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि कांग्रेस आपसी गुटबाजी में फंसी हुई है। कांग्रेस का मकसद झूठ बोलकर और गुमराह करके सत्ता हासिल करना है। कांग्रेस के पास गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं का हित करने के लिए कोई नीति नहीं है और ना ही नीयत है। जबकि भाजपा की सरकार ने संकल्प के साथ बिना भेदभाव किए हरियाणा का चौतरफा विकास कराया है।

**भाजपा शासन में बदली फरीदाबाद की तस्वीर : कृष्णपाल गुर्जर**

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब ही भ्रष्टाचार करना है। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार के कारण हर वर्ग के लोग परेशान थे। योग्य युवाओं को नौकरियां नहीं मिलती थी। नौकरी लेने के लिए पर्ची और खर्ची के साथ-साथ राज नेताओं के चक्कर लगाने पड़ते थे। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं।

**पृथला क्षेत्र का विकास कराना मेरा लक्ष्य : टेकचंद शर्मा**

भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप लोग विधायक चुनकर विधानसभा भेजने का काम करें, बाकी क्षेत्र की तरक्की मेरी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव में समय कम है, इसलिए सभी कार्यकर्ता घर-घर जाएं मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां बताएं तथा लोगों को कमल के फूल पर वोट देने के लिए प्रेरित करें।

**टेकचंद शर्मा का नामांकन**

नामांकन सभा के बाद पृथला से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री सांसद पी.पी. चौधरी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भीलवाड़ा से विधायक उदयराज भड़ाना, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता और सैंकड़ों की तादाद में इलाके के गणमान्य लोग एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## हुड्डा को कंघी करते दिखे पीएसओ, वीडियो वायरल, राव दान सिंह का नामांकन करवाने आए थे

समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की महज 32 मिनट ही उपस्थिति रही। अपने 3 मिनट 57 सेकंड के भाषण में हुड्डा ने राव दान सिंह का सुनहरा भविष्य बताया। मतदाताओं को इशारों ही इशारों में बड़ी जिम्मेदारी देने का सपना दिखा गए।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा महेंद्रगढ़ में राव दान सिंह के नामांकन के मौके पर गए थे, हालांकि वह देरी से पहुंचे। इस दौरान मंच का एक वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है, जिसमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पीएसओ सतीश कुमार उनको कंघी करते दिखाई दे रहे हैं। इसपर लोग लिख रहे हैं कि चुनाव के समय में गजब व्यस्थ नेताजी, कंघी कर रहे कार्यकर्ता।



## टिकट भी एक को ही मिलेगी, सीएम भी एक ही होगा पर दोनों को हाईकमान तय करेगा : कुमारी सैलजा

**हाई लेबल पर गठबंधन को लेकर जब बातचीत जारी हो तो बीच में धमकी वाली कोई बात नहीं होनी चाहिए**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि टिकट को लेकर खींचतान होना स्वाभाविक है पर टिकट को एक को ही मिलेगी, पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते पार्टी के लिए ही काम करना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि एक राज्य में एक ही सीएम होता है यह पार्टी हाईकमान तय करता है कि कौन होगा।

मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि आप के साथ गठबंधन को लेकर हाई लेबल पर बातचीत जारी है बीच में धमकी जैसी कोई बात आनी ही नहीं चाहिए, यह पहले से ही तय था कि हर राज्य में गठबंधन को लेकर अलग ढंग से देखा जाएगा, गठबंधन को लेकर देरी हुई है इसलिए समय लग रहा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इसमें कोई राय नहीं है कि प्रदेश में कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है। हरियाणा की राजनीति में गुटबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है, टिकटों के वितरण में खींचतान तो रहती है, जहां 2500 आवदेन आए हो वहां पर उम्मीदवार का चयन करना आसान काम नहीं होता है, उम्मीदवार तो एक ही चुना जाएगा ऐसे में अन्य को पार्टी के सच्चे सिपाही के नाते पार्टी के लिए काम करना चाहिए।

कांग्रेस में सीएम कौन होगा के बारे में उन्होंने कहा कि सीएम एक ही होगा और कौन होगा इसका फैसला भी पार्टी हाईकमान करता है।

आप चाहती है कि प्रदेश को दलित सीएम मिले के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनके चाहने या न चाहने से कुछ नहीं होने वाला इसका फैसला भी हाईकमान पर ही होगा, इस मामले में क्या पता पार्टी का नजरिया बदल जाए, समय के साथ बदलाव आता है वैसे भी वे कांग्रेस की सच्ची सिपाही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को कुरुक्षेत्र से चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे : पंडित मोहन लाल बड़ौली



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/कुरूक्षेत्र।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को हरियाणा की पवित्र धरती धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र से चुनावी अभियान का औचारिक शंखनाथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा ही हरियाणा को अपने दिल से लगा कर रखा है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण हमेशा से ही हरियाणा के उज्जवल भविष्य पर केन्द्रित रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली मंगलवार को कुरूक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां श्री बड़ौली ने कांग्रेस को भी घेरा और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसे लोगों को मैदान में उतारा है जो या तो जेल में हैं या फिर जेल में जाने की तैयारी में हैं। हुड्डा के सार्वजनिक रूप से सिर में कंघी कराने पर चुटकी लेते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हुडा जी की कंघी नीति यह दर्शाती है कि उनका ध्यान और प्रयास राज्य के विकास की बजाए व्यक्तिगत शाही जीवन शैली पर है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील राणा,भाजपा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी मीडिया अशोक छाबड़ा, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, धुम्मन सिंह किरमच व अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## यह चुनाव न्याय-अन्याय का युद्ध, कांग्रेस लोगों को टुकड़ों में बांटना चाहती, हमारा सिद्धांत हरियाणवी एक : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाड़वा विधानसभा से केंद्रीयमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर नायब सैनी आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाड़वा की इस ऐतिहासिक धरती पर उमड़े जनसमूह को देखकर मैं उत्साहित हो गया हूं। लाड़वा मेरा घर है और मुझे मेरे घर पर पूरा विश्वास है कि इस बार भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने में लाडवा से कमल खिलाएंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता द्वारा दी गई यह सम्मान की पगड़ी मूल्यवान है और यह सम्मान केवल मुख्यमंत्री नायब सैनी का नहीं, बल्कि लाड़वा के एक-एक नागरिक का है। श्री सैनी ने वादा किया कि इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दिया जाएगा और इसे बढ़ाने के लिए मेहनत करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि भाजपा हरियाणा एक, हरियाणवी एक के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है, लेकिन कांग्रेस प्रदेश के लोगों को टुकड़ों-टुकड़ों में बांटना चाहती है। कांग्रेस की मानसिकता छोटी है। आज लाड़वा की इस एतिहासिक धरती पर कहना चाहता हूं कि यह चुनाव राजनीतिक दलों का चुनाव नहीं, बल्कि न्याय और अन्याय का युद्ध है। उन युवाओं के लिए न्याय का युद्ध है जिन्हें हमने नौकरी दी और कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने रुकवा दी। युवा 5 अक्टूबर को कांग्रेस को इसका जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव उस अन्याय के खिलाफ युद्ध है जो कांग्रेस राज में दलितों पर हुए। दलितों के घर जलाए गए, उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया गया। यह चुनाव उन किसानों के लिए न्याय मांगने का युद्ध है जिन पर कांग्रेस राज में गोलियां चलाई गई, जिन किसानों की जमीन हड़पकर दामाद को खुश किया गया। कांग्रेस ने जिन किसानों को मुआवजे के 2-3 रुपये के दिए वे किसान अपने अपमान का बदला लेने के लिए कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह धरती न्याय और अन्याय की लड़ाई की गवाह रही है, और भगवान श्रीकृष्ण ने यहीं गीता का संदेश दिया था। मेरा आग्रह है कि आप सभी मिलकर चुनाव के दौरान हर घर में जाएं और एक-एक व्यक्ति से मिलें। हमारा लक्ष्य है कि लाड़वा विधानसभा क्षेत्र में कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को नंबर एक बनाएं।

कैबिनेट मंत्री और थानेसर विधायक सुभाष सुधा, लाडवा के पूर्व विधायक पवन सैनी, सुमन सैनी, पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी, जिले के प्रवासी प्रभारी और पूर्व सांसद रघु लखन पाल, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, विधानसभा प्रभारी धर्मवीर सिंह, प्रदेश सचिव राहुल राणा, अध्यक्ष जय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष साक्षी खुराना व महिला मोर्चा की अध्यक्ष परमजीत कौर, प्रदीप चौधरी, धर्मवीर मिजार्पुर, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रधान दिलवाद सिंह सैनी, जिला परिषद की अध्यक्ष कमलजीत कौर, नगर पालिका की अध्यक्ष साक्षी खुराना, जय सिंह पाल, डॉ. गणेश, मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल, नरेंद्र सैनी, जसविंदर सैनी, देवेंद्र शर्मा, गुरनाम सिंह मझौली, गुलाब सिंह सैनी कनाडा से, कर्मवीर और पूनम सैनी, देवेंद्र कौशिक उपस्थित रहे।

## गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है : डा. सतीश पूनिया



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/हांसी।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने मंगलवार को हांसी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना का नामांकन भरवाया। डा. पूनिया ने कहा कि हांसी की जनता को विनोद भयाना के व्यक्तित्व पर पूरा भरोसा है, इसलिए हांसी और पूरे हरियाणा में कमल फिर से प्रचंड बहुमत के साथ खिलने वाला है, हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. सतीश पूनिया ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है। हार के डर से कांग्रेस के नेता झूठ फैलाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बढ़त बना ली है और तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन रही है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हांसी विधानसभा से पहला नामांकन विनोद भयाना का हुआ है, यह एक अच्छी शुरूआत है। विनोद भयाना की लोकप्रियता और जवाबदेही के कारण पार्टी ने उन्हें मौका दिया है। पत्रकार के एक सवाल पर डा. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस की हालत अली बाबा चालीस चोर जैसी है। बीजेपी अपने एजेंडा पर चुनाव लड़ रही है और भाजपा का एजेंडा विकास है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में हरियाणा का दृश्य हरियाणा के लोगों ने देखा है कि किस तरह से सड़कों पर अराजकता रहती थी। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था।

## होडल की सीट पर बीजेपी बीजेपी ने लगाई मोहर होडल विधानसभा से हरेंद्र होंगे बीजेपी प्रत्याशी



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

बीजेपी पार्टी द्वारा होडल विधानसभा से हरेंद्र रामरतन को बीजेपी की टिकट मिलने की सूचना मिलते ही उसके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थकों ने बाबरी मोड़ स्थित उनके कार्यालय पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी। हरेंद्र के समर्थकों ने इस खुशी का इजहार ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी कर किया। ज्ञात रहे की हरेंद्र क्षेत्र के पूर्व विधायक रामरतन के पुत्र है। उन्होंने बीए की हुई है और उनका जन्म 1969 में हुआ था। हरेंद्र की सामाजिक कार्यों में हमेशा रुचि रही है और वह बीजेपी से केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के खास में से बताए जाते है। उन्होंने लोकसभा चुनावों में कृष्णपाल गुर्जर के सिपाही के रूप में क्षेत्र में मेहनत की थी। बीजेपी से टिकट मिलने पर हरेंद्र ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सोपी है वह उसे पूरी मेहनत व ईमानदारी से निभाएंगे। अबकी बार भी होडल विधानसभा में कमल फिर से खिलाएगा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को हराने का काम करेंग हरेंदर ने कहा की बीजेपी के सभी शीर्ष नेतृत्व को मैं आभार करता हु कांग्रेस प्रवाशी को भारी मतों हराने का काम करूंगा

## होडल में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने किया अपना नामांकन दाखिल



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष का नामांकन दाखिल करवाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंदर भारद्वाज,पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल,पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि 8वीं बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे है। शहर और देहात के लोगों में जोश और उत्साह बना हुआ है। उदयभान ने कहा की लोगों का अभूतपूर्व प्यार और स्नेह भरपूर मिल रहा है। उन्होंने कहा की वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों के बीच में जाएगें। पार्टी के मेनिफेस्टो में जो कहा गया है उसके बारे में लोगों को बताएंगे। उन्होंने कहा की आज प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को वोट देने का मन बना लिया है। उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश का विकास नहीं हुआ। पलवल जिले के साथ होडल विधान सभा क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है। सडकों पर जाम लगा रहता है। शहर में बारिश के पानी की निकासी नहीं है। नगर परिषद में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के काम नहीं होता है। प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। किसान,कमेरा वर्ग,कर्मचारियों को हक नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने व्यापारियों को बर्बाद करने का काम किया। दलाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए की जाएगी। बिजली के बिलों में 300 यूनिट फ्री दी जाएगी। गैस सिलेंडर 500 रूपए में दिया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए की स्कीम लागू की जाएगी। हरियाणा प्रदेश में टिकटों को लेकर कहा की अभी दूसरी पार्टियों की भी लिस्ट पूरी जारी नही है और उनकी भी जल्द लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के एम एल टी डिपार्टमेंट में हुआ फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



ज्योति खंडेलवाल:-

पलवल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों द्वारा बुधवार वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। बीवॉक में लोकेश मिस्टर फ्रेशर और शीतल मिस फ्रेशर बनी। एमएससी में शिवम को मिस्टर फ्रेशर ज्योति का मिस फ्रेशर के रूप में चयन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। एस अवसर पर अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने नए विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने कहा कि सभी विद्यार्थी रचनात्मक कार्यों में ओना योगदान दें। डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. मोहित श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. मनोज शर्मा, मिस ज्योति और डॉ. हिमानी उपस्थित रहे।

# नूंह के विकास के लिए आफताब को फिर विधायक बनाने की भूपेन्द्र हुड्डा की अपील

(अनिल मोहनियां नूंह)

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टिकट पा चुके उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने में लगे हैं। नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए गए पूर्व मंत्री व दो बार के विधायक चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को हजारों समर्थकों व पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की उपस्तिथि में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नमांकन से पहले आफताब अहमद ने एक सभा का आयोजन किया जिसमें रिकॉर्ड तोड लोगों ने शामिल होकर उन्हें जीत की दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा। जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह से शुरू हुआ कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद का नामांकन जुलूस भारी भीड़ के कारण कई घंटों में नई अनाज मंडी पहुंचा जिस दौरान उनके समर्थकों ने उनका जगह जगह जोरदार तरीके से स्वागत व समर्थन किया। जनसभा के बीच में होडल से नूंह पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के उनके राज में नूंह जिले में भरपूर विकास हुआ था, लेकिन बीते दस सालों के बीजेपी शासन में एक काम नहीं किया। उन्होंने कहा आफताब अहमद ने जिस तरह से विधानसभा में इलाके की आवाज उठाई वो काबिल ए तारीफ है, शायद ही कोई ओर इस तरह से उठा पाता। उन्होंने



कहा कि आफताब अहमद जब विधानसभा में बोलते हैं तो सबको उन्हें सुनना पड़ता था क्योंकि वो तर्कशील बात करते हैं। इलाके का अगर सही मायने में विकास कराना है तो आफताब अहमद को फिर विधायक चुन कर भेजना क्योंकि उनको नूंह जिले के विकास कार्य कराने आते हैं। उन्होंने कहा कि आफताब अहमद से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं और उन दोनों के पूर्वज सहयोगी रहे हैं। जब वो मुख्यमंत्री थे और आफताब अहमद विधायक थे तो वो मेवात के विकास के लिए आते थे और अड़ जाते थे और अपना काम करा ले जाते थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि नूंह के लोग आफताब अहमद को ज्यादा से ज्यादा वोटों से जिताकर भेजें ताकि उन्हें भारी जिम्मेदारी मिल सके। उन्होंने कहा कि नूंह का विकास मिलकर करेंगे एक काम आफताब अहमद करेंगे तो दूसरा काम खुद भूपेंद्र हुड्डा करेंगे। उन्होंने कहा कि आफताब अहमद के जीतने के बाद और उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद नूंह में विश्व विद्यालय बनाने का काम सबसे पहले करेंगे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि आफताब अहमद को भारी मतों से जिताना है और सवाल किया कि कितने से जिताने का काम करेंगे तो जनता ने कहा पचास हजार। पूर्व सीएम ने कहा कि

भाजपा जा रही है और कांग्रेस की सरकार प्रदेश में आ रही है और कहा कि नूंह से कांग्रेस उप नेता आफताब अहमद को जिताकर भेज देना कांग्रेस की सरकार बनाकर हिस्सेदारी में करवा दूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस दौरान घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 6000 रुपए करेंगे, 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे, दो लाख रिक्त पदों को भरेंगे, गरीब लोगों के 25 लाख तक का इलाज फ्री करेंगे, किसानों को राहत देंगे, युवाओं को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने तो हर वर्ग पर लाठी भांजने का काम किया लेकिन काम कुछ नहीं किया। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी विरोधी रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जारी कर देगी, जिसके अंदर हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश में इस बार कांग्रेस की सरकार बन रही है, इसलिए चौधरी आफताब अहमद को भारी बहुमत से जिताकर भेजें

**ताकि नूंह की पहचान बन सके और विकास हो सके।**

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि जो हजारों लोग उन्हें दुआओं, आशीर्वाद से नवाजने आए उनका वो शुक्रिया अदा करते हैं। इस दौरान वो अपने वालिद मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद पूर्व मंत्री सांसद को याद करते हुए कहा कि उनके बिना ये उनका पहला चुनाव है, उनके मार्गदर्शन और साथ से वो भले ही महरूम है लेकिन लोगों का जो प्यार, समर्थन और सहयोग उन्हें मिल रहा है वो भी अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा किसी भी चुनाव में ऐसा सहयोग पहले कभी नहीं देखा इसके लिए वो अपने सभी नए पुराने साथीयों का शुक्रिया अदा करते हैं। आफताब अहमद ने कहा कि कई बार राजनीति में पार्टीबाजी से अलग हटकर इलाके और लोगों के हितों को सर्वोपरि मानकर फैसला करने का समय आता है। आज वही वक्त है सही फैसले लेने का, उनके हाथ मजबूत होंगे तो इलाके को भी मजबूती मिलेगी और विकास होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता जी जान से चुनाव प्रचार में जुट जाएं, मात्र 25 दिन परिश्रम के बाद कांग्रेस सरकार होगी फिर नूंह जिला प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार के साथ साथ बुनियादी सुविधाओं के लिए जाना जाएगा ये वो सुनिश्चित करने का काम करेंगे।

## होडल विधानसभा से दो उम्मीदवारों ने भरा नामांकन : जिला निर्वाचन अधिकारी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिला की तीन विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया गत 5 सितंबर से शुरू हो चुकी है, जोकि आगामी 12 सितंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को होडल(अ.ज.)-83 विधानसभा क्षेत्र के लिए उदयभान ने इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा सतवीर ने जननायक जनता पार्टी की ओर से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। होडल विधानसभा से रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह ने नामांकन प्राप्त किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया की इच्छुक नागरिक अपना नामांकन पत्र 12 सितंबर 2024 तक भर सकते हैं। 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवाने होंगे 10 हजार रुपए

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। इसके अलावा, जो उम्मीदवार अनुसूचित जाति से संबंधित है, उन्हें संबंधित चुनावों में आधी राशि अर्थात 5 हजार रुपये सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी, चाहे वह सामान्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हो या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से लड़ रहा हो।

-विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा है 40 लाख रुपए

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपए से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

## युवा नेता चौधरी ताहिर हुसैन ने नूँह विधानसभा से ठोकी ताल, 12 सितंबर को करेंगे नामांकन

(अनिल मोहनियां नूंह)

मंगलवार को भाजपा की सूची आते ही प्रदेश व खासतौर पर नूँह विधानसभा में बगावत के सुर देखने को मिले। भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के सुपुत्र व युवा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने भाजपा को अलविदा कह दिया। ताहिर हुसैन एडवोकेट ने अपने नूँह निवास पर हजारों कार्यकताओं की मौजूदगी में नूँह विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। ताहिर हुसैन अपने दल-बल के साथ 12 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व नूँह की नई अनाज मंडी में एक विशाल जनसभा होगी। ताहिर हुसैन ने कहा कि भाजपा ने उनके साथ



धोखा किया है। पिछले 6 वर्षो से भाजपा के प्रचार-प्रसार के लिए दिन-रात कार्य किया। नामांकन से पूर्व टिकट काटकर भाजपा ने उनके साथ पार्टी कार्यकताओं के साथ धोखा किया है। ताहिर हुसैन ने कहा कि उन्हें व उनके परिवार को टिकटों की जरूरत नहीं है। उनके पास 36 बिरादरी का जनसमर्थन और प्यार है। उनके लिए 36 बिरादरी का जनसमर्थन ही सबसे बड़ा टिकट है। उन्होंने कहा कि एक नई युवा सोच के साथ हम जोरदार तरीके से चुनाव लड़ेंगे और आगामी 8 अक्तूबर को रिकार्डतोड़ मतों से चुनाव भी जीतेंगे।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भाजपा की टिकट कटने के बाद उनके नूँह निवास पर हजारों कार्यकताओं का जमावड़ा लग गया। सभी कार्यकताओं ने चौधरी ताहिर हुसैन को चुनाव लड़ने का सुझाव दिया, जिसे ताहिर हुसैन ने स्वीकार करते हुए चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी माता नसीमा हुसैन एडवोकेट, उनकी बहन डॉक्टर तसनीम हुसैन, चौधरी मोहम्मद तलहा एडवोकेट, सरदार जसबीर सिंह मलिक, हरीश शर्मा बॉबी, संजय गर्ग बिट्टू, मनोज कुमार मलाई आदि पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे।

## नूंह विधानसभा से संजय सिंह, फिरोजपुर झिरका विधानसभा से नसीम अहमद, पुनहाना विधानसभा से एजाज खान को बीजेपी का टिकट मिला।







(अनिल मोहनियां नूंह)

भाजपा ने विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की प्रदेश में अपनी दूसरी सूचि जारी की। जिसमें नूंह जिला के तीनों विधानसभाओं से अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे। इस दौरान नूंह विधानसभा से सोहना तावडू के विधायक एवं प्रदेश सरकार में खेलमंत्री कंवर संजय सिंह को एक बार फिर से नूंह की टिकट देकर चुनावी खलबली मचा दी है। यहां से भाजपा ने अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक व नूंह के पूर्व विधायक जाकिर हुसैन के टिकट को काटा है। जिससे नूंह विधानसभा के चुनावी समीकरण बदल गए है। तो इसके अलावा भाजपा ने दो बार के पूर्व विधायक एवं फिरोजपुर झिरका से पूर्व प्रत्याशी चौधरी नसीम अहमद को दूसरी बार टिकट देकर विश्वास जताया है। हालांकि इससे पूर्व भी 2019 में नसीम अहमद को कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान ने हराया था। लेकिन भाजपा ने फिर विश्वास के साथ नसीम को आगे बढ़ाया है। इसके अलावा भाजपा ने नूंह जिला की पुन्हाना विधानसभा सीट से एजाज खान को पहली बार प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व पुन्हाना में वर्ष 2019 में भाजपा ने यहां से नौक्षम चौधरी को मैदान में उतारा था लेकिन उनको यहां पर कांग्रेस के मोहमम्मद इलियास से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि नौक्षम चौधरी को तीसरे नंबर से संतोष करना पड़ा था। यहां पर दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी रहीशा खान पूर्व विधायक रहे थे। अब देखना होगा कि भाजपा के यह प्रत्याशी नूंह जिला में कमल खिलाने के लिए किसी रणनीति के साथ कार्य करेंगे। अभी भी नूंह जिला में भाजपा के कमल को खिलने का इंतजार है। प्रदेश में दस साल से भाजपा की सरकार है तो केंद्र में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा का शासन है लेकिन नूंह जिला से कमल को अभी अपनी बारी का इंतजार है।

# आफताब अहमद और मामन खान, मोहम्मद इलियास का नामांकन करवाने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

(अनिल मोहनियां नूंह)

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को मेवात के तीनों उम्मीदवारों का नामांकन करवाया। फिरोजपुर झिरका मामन खान के बाद हुड्डा आफताब अहमद का नामांकन करवाने नूंह और मोहम्मद इलियास का नामांकन करवाने पुन्हाना पहुंचे। नामांकन कार्यक्रम में उमड़े भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि पूरे हरियाणा में बदलाव की लहर चल रही है। मेवात समेत पूरा प्रदेश कह रहा है कि कांग्रेस सरकार आ रही है और भाजपा सरकार जा रही है। हुड्डा ने मेवात की जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि वो आफताब अहमद, मोहम्मद इलियास और मामन खान को भारी मतों से जिताकर भेजे, कांग्रेस मेवात के सम्मान व विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आने वाली सरकार में मेवात की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। कांग्रेस सरकार के समय ही मेवात में मेडिकल कॉलेज बनाने समेत कई विकास कार्य हुए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने मेवात से हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। बीजेपी ने सिर्फ झूठे वादों और नफरत के सहारे 10 साल गुजार दिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के राज में एक भी काम नहीं करवाया। भाजपा ने न तो एक नई यूनिट बिजली उत्पादन की लगवाई, ना एक खंभा मेट्रो का लगवाया, ना ही कोई नया मेडिकल कॉलेज खोला और ना ही कोई राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर का बड़ा संस्थान, उद्योग या परियोजना लगाई। 2014 और 2019 में बीजेपी ने जो वादे किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बजाए सरकार ने किसानों की लागत को कई गुना बढ़ा दिया। युवाओं को रोजगार देने की बजाए, हरियाणा को देश का सबसे ज्यादा बेरोजगारी वाला राज्य बना दिया। महिलाओं, व्यापारियों व हरेक नागरिक को सुरक्षा देने की बजाए हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बना दिया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर रेगुलर किया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ, युवाओं को पेपर व योग्यता के आधार पर 2 लाख पक्की नौकरियां, 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर और 300



यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ दिया जाएगा। साथ ही बीजेपी सरकार द्वारा लटकाई गई भर्तियों को तीव्रता के साथ पूरा किया जाएगा और सरकार बनते ही पहले साल के भीतर 1 लाख नौकरियां दी जाएंगी। हर गरीब का 25 लाख रुपए तक का इलाज फ्री होगा। गरीबों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लाट की योजना को दोबारा शुरू किया जाएगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह सभी वादे शामिल किए गए हैं। जल्द ही अधिकारिक रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जनता के बीच आ जाएगा, जिस पर सरकार बनते ही प्राथमिकता के साथ काम शुरू होगा।

## होडल किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल संयुक्त किसान मोर्चा पलवल का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडडा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिला और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मास्टर महेंद्र सिंह चौहान,ताराचंद, विधु सिंह, रमनलाल पंखिया, दरियाव सिंह,भागीरथ बेनीवाल, कामरेड मोहन, धर्मचंद, सोनपाल चौहान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया कि आगरा नहर का स्वामित्व हरियाणा सरकर अपने हाथ में ले और नहर के प्रदूषित पानी को स्वच्छ बनाने का काम करे। प्रदेश के किसानों को गेहूं और धान की फसल बिक्री पर 4 सौ रुपए प्रति किव्टंल बोनस दे। पलवल जिले में एक आईएमटी की व्यवस्था कराई जाए। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग रखी, जिस पर भूपेंद्र हुड्डा ने जिले के किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## नामांकन के छठे दिन बावल विधानसभा से जजपा से रामेश्वर दयाल ने दाखिल किया नामांकन



**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा विधानसभा के 15वें आम चुनावों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 12 सितंबर तक जारी है। नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन दिन मंगलवार को 72-बावल विधानसभा से रामेश्वर दयाल ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। आरओ एवं एसडीएम बावल उदय सिंह द्वारा नामांकन प्राप्त किए गए। मंगलवार को 73-कोसली व 74-रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। अब तक बावल विधानसभा से 1, कोसली विधानसभा से 2 व रेवाड़ी विधानसभा से 5 उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र गुरूवार 12 सितंबर, 2024 तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में अपने साथ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित संख्या में ही लोगों को लाने की अनुमति होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) व सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में प्रातः: 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

## विधानसभा चुनाव को लेकर रेवाड़ी पुलिस व आरपीएफ के जवानो ने शहर रेवाड़ी व थाना कसौला क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च।



**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस व आरपीएफ के जवानो ने सोमवार को विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेवाड़ी शहर व थाना कसौला क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रबंधक प्रबंधक थाना शहर रेवाड़ी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह व प्रबंधक प्रबंधक थाना कसौला निरीक्षक शिव दर्शन द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च में आरपीएफ व जिला पुलिस के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च शहर के अग्रसेन चौक शुरू होकर मोती चौक, गोकल गेट, झज्जर चौक, सकुर्ला रोड, आजाद चौक सहित थाना शहर व थाना कसौला क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से निकाला गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद व तैयार है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व लोगों में भय पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम रहेंगे। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## नामांकन के पांचवें दिन एक निर्दलीय ने भरा नामांकन

**सोहना।** हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के लिए नामांकन भरने के पाँचवे दिन मंगलवार को सोहना विधानसभा सीट से सुंदर भड़ाना ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया है। आरओ एवं एसडीएम होशियार सिंह ने नामांकन प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र वीरवार 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम चार लोगों को लाने की अनुमति होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में सुबह 11 से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। नाम कल्याणी बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र खटाना व भाजपा के प्रत्याशी तेजपाल तंवर अपना नामांकन भरेंगे

# सांस्कृतिक उत्सव में रेवाड़ी व जाटूसाना खंड का रहा दबदबा

## सैंकड़ों नन्हे कलाकारों ने दिखाए प्रतिभा के जौहर

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** जिले के गांव कंवाली स्थित शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रारंभ हुए दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के पहले दिन जूनियर वर्ग में सैकड़ों नन्हें कलाकारों ने नृत्यों, संगीत, स्किट तथा रागिनी गायन अपनी प्रतिभागी जौहर दिखाए। पहले दिन के मुकाबलों में अधिकांश प्रतियोगिताओं रेवाड़ी तथा जाटूसाना खंड का दबदबा रहा। उद्योगपति एवं समाजसेवी रवि गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने की तथा मेजबान विद्यालय के प्राचार्य अनिल यादव ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस अवसर पर लोक संस्कृति पर केंद्रित विद्यालय की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही तथा सभी मेहमानों ने आयोजन के कुशल प्रबंधन तथा विद्यालय की संजीदा मेजबानी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सरस्वती वंदना कथा प्रदर्शनी उद्घाटन के साथ में इस सांस्कृतिक उत्सव में मेजबान विद्यालय के प्राचार्य अनिल यादव ने शाब्दिक अभिनंदन तथा उत्सव के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ अशोक नामवाल ने उत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी। प्राध्यापिका गीता यादव, सुधीर यादव तथा संजय कुमार की कुशल संचालन में आयोजित इस समारोह में प्राचार्य चंद्र प्रकाश, अजय शर्मा, सत्यवीर नाहड़िया, राकेश कुमार, चंद्र प्रकाश, हसला के जिला प्रधान रविंद्र भाकली, राकेश कुमार,जगबीर, मुकेश कुमार, सुरेंद्र मोरवाल, संजय डाबला, मिथिलेश, पूनम यादव, अजीत सिंह,सोनू, राकेश कुमार,विजय सिंह आदि ने विभिन्न प्रकार संभाले। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में सतीश मस्तान, डॉ. अंकुर खेर, मदन डागर, प्रशांत मेहंदीरत्ता, मुकेश तनेजा, राहुल राणा, संजना शर्मा, संजय सुनेजा, तथा ललित गर्ग रहे।

*इस प्रकार रहे परिणाम*

समूह लोक नृत्य में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की टीम ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका की टीम ने द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल शाहबाजपुर की टीम ने तृतीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहलावास गुलाबपुरा की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। हांसाका, पाल्हावास, देहलावास गुलाबपुरा तथा झाबुआ ने एकल लोकनृत्य में बाजी मारी। एकल नृत्य में हांसाका, रेवाड़ी, (कन्या)तथा मोतला की टीम सर्वश्रेष्ठ रहीं। लघु नाटिका में ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बोड़िया कमालपुर ने प्रथम, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बावल ने द्वितीय, रावमावि खंडोड़ा ने तृतीय तथा रावमावि नगली गोधा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। रागिनी गायन में क्रमशः बोड़िया कमालपुर ने प्रथम,पाल्हावास ने द्वितीय, रेवाड़ी (कन्या) तृतीय तथा रालियावास चतुर्थ स्थान पर रहे। हांसाका,खिजूरी तथा कुमरोधा वोकल म्यूजिक में विजेता रहे।

पहले दिन की समापन सत्र पर निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों तथा सरपंच स

शीलवती ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

*वरिष्ठ वर्ग के मुकाबले आज* :

उत्सव संयोजक श्री नामवाल ने बताया कि 11 सितंबर को वरिष्ठ वर्ग के संबंधित मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनका शुभारंभ शिक्षा विभाग की पूर्व संयुक्त निदेशक संगीता यादव करेंगी तथा इस जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया तथा डीआईपीआरओ दिनेश कुमार की संयोजन में अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि अनुपमा महोत्सव के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी, जिसमें क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भी भाग लेंगे।

# घर में पधारो गजानन जी, म्हारे घर मे पधारो....

## टीपी स्कीम में भक्ति संगीत पर झूमे श्रद्धालु

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** नगर की प्रमुख कालोनी टीपी स्कीम 9 में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए प्रदान किए गए मंच नन्हें बच्चों ने अभिनय व नृत्य के माध्यम से संस्कारों पर ध्यान देने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि एवं कालोनी की सम्मानित बुजुर्ग श्रीमती कौशल्या अग्रवाल ने दीपार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि बीती रात टीपी स्कीम कांप्लेक्स कार्यक्रम में भक्ति संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। तृषा गोयल ने कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी तो कियारा आहूजा ने घर में बुजुर्गों का सम्मान करने का संदेश दिया। ओजस्वी, छवि, प्रियांशी, रिधिमा, मीनल, मेहर, अक्ष व आरव ने नृत्य के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तनिषा आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने - घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर मै पधारो,- शिव की आँखों का तारा गौरा का राजदुलारा,- कर कै चोटी ढीली भोले भंग मन्ने भी पीली, आदि गीतों पर जमकर धमाल किया। सस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को समिति संरक्षक सतीश अग्रवाल, प्रधान मुकेश अग्रवाल, उपप्रधान अनिल सैनी, सचिव मनोज गोयल, सहसचिव अजय सहगल, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, सह कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तनेजा, समिति सदस्य शरद गोयल, योगेश अग्रवाल, मनीष बंसल, संजय गोयल, पंकज कौशिक, नंदलाल जी, इंदर अरोड़ा, प्रवीण सचदेवा, संजय कालरा, सुनील माटा, प्रेम गेरा, नीरज मेहंदीरत्ता आदि ने सम्मानित किया।

इनसेट।

कौन बनेगा भाग्यशाली के लिए भारी उत्साह, आयोजन आज

रेवाड़ी। गणपति उत्सव के दौरान संस्कारों की अलख जगाने के लिए आयोजित केबीबी प्रतियोगिता के लिए लोगों में भारी उत्साह है। समिति प्रधान ने बताया कि गणपति उत्सव व हिंदी मास के अंतर्गत 11 सितंबर बुधवार को रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में बांटा गया है। किशोर बच्चों के साथ युवा, अधेड़ एवं वरिष्ठ नागरिक प्रतियोगिता में भाग लेंगे।वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्यकार गोपाल शर्मा के संचालन में चलने वाली प्रतियोगिता में राघव अग्रवाल व उनकी टीम विभिन्न प्रभार संभालेंगे।

## अटेली विस से मंगलवार को दाखिल हुए 3 नामांकन पत्र,अब तक 6 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

**कनीना सुनील दीक्षित**



आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधान सभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन मंगलवार को अटेली हलके से तीन नामंकन पत्र दाखिल किये। तीन उम्मीद्वारों की ओर से सोमवार को पर्चे दाखिल किए थे,अब तक कुल 6 प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। कनीना उपमंडल अधिकारी व अटेली विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को साधना पत्नी हुलकर निवासी धनोन्दा ने निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन किया वही दूसरा नामांकन एसयुसीआई कम्युनिस्ट पार्टी से प्रत्यासी कामरेड ओमप्रकाश ने दाखिल किया। तीसरा पर्चा बसपा व इनेलो के संयुक्त प्रत्याशी अतरलाल ने दाखिल किया। अभी तक कुल छह नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके है। बीजेपी के प्रत्यासी आरती राव कि और से बुधवार को नामांकन दाखिल किया जाएगा जबकि कांग्रेस पार्टी ने अटेली विधानसभा से अभी तक प्रत्यासी घोषित नहीं किया है। 68-अटेली हलके के नामांकन-पत्र एसडीएम कार्यालय कनीना में रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार के पास सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे तक जमा किए जा रहे हैं। 12 सितम्बर को सांय तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 13 सितम्बर को उनकी जांच की जाएगी तथा 16 तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगें। इस मौके पर पूर्व विधायक रणवीर मंदौला, सतपाल उन्हाणी,वेदप्रकाश रामबास, छोटेलाल गहली, जसबीर ढिल्लों, सतबीर बडेसरा, प्रमोद कटारिया, करण सिंह, रविन्द्र निम्बल, कृष्ण जमालपुर सहित गणमान्य जन मौजूद थे।

## गणेश महोत्सव बड़वा की राधा कृष्ण गोशाला में

**सिवानी मंडी सोनिका सूरा**

उपमंडल के गांव बड़वा स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में गणेश महोत्सव की शुरूआत की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए गो भगत नीरज शर्मा ने बताया कि 9 सितंबर से शुरू हुआ महोत्सव 17 सितंबर तक चलेगा और 16 सितंबर को जागरण व भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान झांग आश्रम की कीर्तन मंडल, संत सुरेशवानंद, महंत दिगंबर तुरंतपुरी, बालसंत गुरु प्रसाद, बाबा की परी, विजेंद्र कुमार गणेश जी का गुणगान करेंगे।

## एसडी विद्यालय के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर यूथ आइ-डिया उत्थान में हुआ चयन



**कनीना सुनील दीक्षित**

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय युथ आइडिया उत्थान प्रतियोगिता में चयन हुआ है` इस बारे में विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि

क्षेत्र के लिए बड़ा गर्व का विषय है कि मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड आंत्रप्रिन्योरशिप के तहत यूथ आइडियाथान, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एसडी विद्यालय ककराला व एसडी विद्यालय खेड़ी तलवाना की टीम का द्वितीय चरण के लिए भी चयन हुआ है। महेंद्रगढ़ जिले से केवल एसडी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अद्वितीय सफलता प्राप्त की है । प्रथम चरण में पूरे भारत वर्ष से 1500 टीमों का चयन किया जाता है। द्वितीय चरण में इन 1500 टीमों में से 500 टीमों का चयन किया जाता है` जिसमें एसडी विद्यालय की टीमों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा की तीन छात्राओं अमीशा, नेहा और गरिमा ने नेचुरल ब्लेड पोट प्रोजेक्ट का निर्माण किया ।जिसका उद्देश्य नर्सरी में पौधों को लगाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली पॉलिथीन को हटाना है` पॉलिथीन से प्लास्टिक प्रदूषण फैलता है जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। यह प्रोजेक्ट प्लास्टिक प्रदूषण को काम करेगा और पौधों में फर्टिलिटी को बढ़ाएगा। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में चावल की भूसी का प्रयोग किया गया है` सामान्यतः हम चावल निकालने के बाद भूसे को जलाते हैं जिससे हवा प्रदूषित होती है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से हवा और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ रोजगार के अवसर पैदा किया जा सकते हैं` यह प्रोजेक्ट देश के ग्रामीण हिस्सों में सहायक सिद्ध होगा। खेड़ी तलवाना ब्रांच की टीम ने ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन प्रोजेक्ट का निर्माण किया। जिसका उद्देश्य बढ़ती हुई ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु में परिवर्तन के स्तर को बनाए रखना है। जसवीर जांगड़ा के दिशा निर्देशन में इसका निर्माण किया गया। जगदेव यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच विचारों की शक्ति के माध्यम से उनके अंदर आंत्रप्रिन्योरशिप की भावना पैदा करना है` जो राष्ट्र को बदल सकता है । विजेता छात्राओं के विचारों को प्रोटोटाइप प्रोडक्ट में विकसित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों को एक साथ लाना है, जिनमें इनोवेशन के लिए जुनून और देश को बदलने का विश्वास हो। उन्होंने विद्यालय के अधिक से अधिक छात्रों से आगे आने और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सीईओ रामधारी यादव ,उप प्राचार्य पूर्ण सिंह यादव, जोगिंदर ,ईश्वर सिंह ,सुनील यादव व इन्दुगैरा इत्यादि उपस्थित थे।

## पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए संत, ज्योतिषाचार्य व बुद्धिजीवी वर्ग

**हिसार :** पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित हो देश के विभिन्न क्षेत्रों से संतों व ज्योतिषाचार्यों ने वर्ल्ड क्लाइमेट चेंज फाउंडेशन को अपना समर्थन दिया है। वर्ल्ड क्लाइमेट फाउंडेशन जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। फाउंडेशन ने अपने कार्यों को विस्तार देते हुए अनेक राज्यों में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की है। हरिद्वार स्थित अंतराष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाड़ा परिषद पेक्ट निरंजनी अखाड़ा परिषद के महामण्डलेश्वर डॉ. संजीव अग्रवाल पर्यावरण बचाने की मुहिम के लिए आगे आए हैं और उन्होंने फाउंडेशन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर स्वामी सहजानंद सरस्वती ने बताया कि इसके अलावा जिन प्रमुख ज्योतिषाचार्यों की नियुक्ति वर्ल्ड क्लाइमेट चेंज फाउंडेशन में की गई है उनमें गांधीनगर गुजरात की किंजल बेन भट्ट, जामनगर गुजरात से डॉ. नरेंद्र बेसडालिया को गुजरात इकाई का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह धुले निवासी रमेश भिसवन पोतदार को महाराष्ट्र, मेरठ कैंट की ज्योतिषाचार्य नीलू शर्मा व सुरेश चंद्र गोयल, मुजफ्फरनगर निवासी राजीव प्रताप सैनी को उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार के मधुबनी निवासी राजनाथ झा को बिहार, भुवनेश्वर निवासी डॉ. मनोजा कुमार लेंका को ओडिशा का प्रदेश इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जालंधर निवासी अनिल कुमार तिवारी को पंजाब तथा नॉर्थ वेस्ट दिल्ली निवासी ज्योतिषाचार्य नीता कपूर व आनंद सिंह को नई दिल्ली इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व गुरु मां उषा सिंह की भी फाउंडेशन में ब्रांड एंबेसडर पद पर नियुक्ति किया जा चुका है। स्वामी सहजानंद सरस्वती ने कहा कि संत समाज, जयोतिषाचार्यों व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों की नियुक्ति से पर्यावरण को बचाने में विशेष सहयोग मिलेगा इसकी उन्हें पूरी आशा है। सभी मिलकर पर्यावरण के सजग, सचेत व सक्रिय हों तभी विनाश की ओर बढ़ रही हमारी धरती को बचाना संभव हो सकता है।

# फर्जी दस्तावेज पेश कर एसएसबी में हुआ भर्ती,ग्राम पंचायत से सत्यापन हुआ तो हुआ खुलासा, कमाडेंट ने किया बर्खास्त

**कनीना सुनील दीक्षित**

दोंगडा पुलि चौकी अंतर्गत गांव खैराना के सरपंच को धमकी देने व गालीगलोच करने के आरोप में कनीना सदर थाना पुलिस ने 5 युवकों के विरूध केस दर्ज किया है। इस बारे में सरपंच राहुल ने पुलिस अधीक्षक नारनौल को दी शिकायत में कहा कि उसके गांव का बिजेंद्र वर्ष 2021 में एसएसबी,सशत्र सुरक्षा बल में बतौर कांस्टेबल,जीडी भर्ती हुआ था। उसकी तैनाती 31 बटालियन एसएसबी,गोसाईगांव असम में एओआर में भारत-भूटान सीमा पर थी। उसके भर्ती होने उपरांत उनके कार्यालय से उन्हें एक पत्र मिला जिसमें बिजेंद्र के स्थानीय आवासीय पते के सत्यापन के लिए रिपोर्ट मांगी गई थी। ग्राम सरपंच राहुल को पत्र के मुताबिक जानकारी मिली कि बिजेंद्र ने भर्ती के दौरान अतिरिक्त

उपायुक्त,मेडजिफेमा, नागालैंड कार्यालय से जारी अधिवास प्रमाण पत्र संलगन किया था। जबकि उसके नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग की माध्यमिक विद्यालय के प्रमाण पत्र में उसका पता गांव खैराना,पोस्ट बेवल, जिला महेंद्रगढ दर्ज था। ईधर एसएसबी कमाडेंट के पत्र से संकेत मिला कि बिजेंद्र ने नियुक्ति के समय गलत जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए होगें। जिससे पता चलता है कि उन्होंने भर्ती के समय हरियाणा का निवासी होने के बावजूद नागालैंड राज्य का लाभ उठाय होगा। नियमों का उलघंन कर ईमानदारी के बारे में संदेह पैदा होने पर पते का सत्यापन जरूरी हो गया था।

कमाडेंट के पत्र अनुसार ग्राम सरपंच राहुल व नम्बरदार विनोद कुमार ने बिजेंद्र के खैराना वाले सही पते को सत्यापित कर रिपोर्ट एसएसबी कार्यालय कमाडेंट को भेजी थी। नतीजतन बिजेंद्र को नोकरी से बर्खास्त कर दिया गया। उनकी ओर से भेजी गई वास्तविक रिपोर्ट एवं उसकी बर्खास्तगी से रंजिस रखते हुए बिजेंद्र व उसके साथी सुरेंद्र,कुलदीप,राजबीर व सतबीर उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। 15 जुलाई से उनकी ओर से कई बार

## -रंजिसवश सरपंच को दी धमकी, आरोपी सहित 5 साथियों के विरूध केस दर्ज

हत्थापाई करने का प्रयास करते हुए धमकी दे रहे हैं। उन्होंने सुरेंद्र,कुलदीप व राजबीर पर पहले भी मारपीट करने व धमकी देने का अभियोग अंकित होने का आरोप लगाया है। एसपी कार्यालय से कनीना पंहुची सरपंच राहुल की शिकायत पर डीएसपी कनीना की ओर से तफ्तीश की गई जिसमें आरोप सही पाए जाने पर बिजेंद्र,सुरेंद्र, कुलदीप, राजबीर व सतबीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

## ह्युंडई ने पेश की बोल्ड न्यू अलकेजर




**मुंबई ।**

ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपनी नई प्रीमियम एसयूवी, बोल्ड न्यू ह्युंडई अलकेजर लांच कर दी है। ह्युंडई की यह नई पेशकश 6 और 7 सीटर कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है और इसके साथ इंटेंस, पावरफुल और फन-टू-ड्राइव परफॉर्मेंस की पेशकश की गई है। बोल्ड न्यू ह्युंडई अलकेजर को 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई पेट्रोल इंजन और 1.5 लीटर सीआरडीआई डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। पेट्रोल इंजन के साथ 6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 7 स्पीड डीसीटी विकल्प उपलब्ध हैं, जबकि डीजल इंजन के साथ 6 स्पीड मैनुअल और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प हैं। एसयूवी का वाइडर और टॉलर स्टांस सड़क पर इसकी मौजूदगी को और दमदार बनाता है। बोल्ड न्यू ह्युंडई अलकेजर के इंटीरियर्स को प्रीमियम और आरामदायक अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। दूसरी पंक्ति में वेंटिलेटेड कैप्टन सीट्स और थाई कुशन एक्सटेंशन जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जो लंबी यात्राओं के दौरान आराम सुनिश्चित करती हैं। इसमें एनएफसी टेक्नोलॉजी के साथ डिजिटल की की सुविधा भी है, जो स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच से एसयूवी को लॉक और अनलॉक करने की सुविधा देती है। सुरक्षा के लिए 19 फीचर्स के साथ ह्युंडई स्मार्टसेंस लेवल 2 एडीएएस, 6 एयरबैग, सराउंड व्यू मॉनीटर, और हिल डिसेंट कंट्रोल जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसमें 70 से ज्यादा ब्लूलिंक कनेक्टेड कार फीचर्स और 10 नेचर एंबिएंट साउंड का विकल्प भी दिया गया है।

## स्कूटर डेस्टिनी का अपडेटेड मॉडल जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

इंडियन मार्केट में जल्द ही हीरो मोटोकॉर्प अपनी 125सीसी स्कूटर डेस्टिनी का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर सकती है।

हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च से पहले स्कूटर का टीजर जारी किया है जिसमें स्कूटर के नए फीचर्स की झलक दिखाई गई है।

कंपनी ने यह टीजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया है। टीजर के अनुसार, स्कूटर के एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप और लंबी सीट दी है। इसके अलावा अपकमिंग हीरो डेस्टिनी 125 एक्सट्रीम में कई नए फीचर्स और अपडेटेड इंजन के साथ स्टाइलिंग में भी सुधार देखने को मिलेंगे।'फैमिली-स्कूटर' के थीम को जारी रखते हुए इसके डिजाइन को फ्रेश लेकिन सिंपल और बॉक्सी रखा गया है। नई डेस्टिनी स्कूटर में एक लंबी सीट है, जिसमें एक इंटीग्रेटेड बैकरेस्ट है। फ्रंट एप्रन में माउंटेड टर्न इंडिकेटर्स भी हैं। टेल लाइट और रियर इंडिकेटर्स का डिजाइन काफी एडवांस्ड और अट्रेक्टिव है। अभी स्कूटर के वाइट कलर को ही दिखाया गया है, जो इसे प्रीमियम लुक देता है। नए डेस्टिनी 125 में फ्रंट और रियर पैनल के साथ-साथ रियरव्यू मिरर सहित पूरे स्कूटर में ब्रास एक्सेंट दिए गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अपकमिंग डेस्टिनी 125 की एक्स-शोरूम कीमत 85,000 से 90,000 रुपये के बीच रखी जा सकती है। नया स्कूटर 125सीसी सेगमेंट में सुजुकी एक्सेस 125, टीवीएस जुपिटर 125 और होंडा एक्टिवा 125 को टक्कर देगा। टीजर वीडियो कंपनी ने स्कूटर का फ्रंट लुक दिखाया है जो मौजूदा हीरो डेस्टिनी 125 से एकदम अलग नजर आ रहा है।

साथ ही यह अब और भी स्टाइलिश और कम्फर्टेबल लग रहा है। इसमें सबसे बड़ा अपडेट एच-शेप का एलईडी डीआरएल और एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप हैं।

## बिटकॉइन दुनिया की सबसे पहली विकेंद्रीकृत क्रिप्टोकरेंसी या कहें कि डिजिटल कॉइन है



**नई दिल्ली ।**

इसे विकेंद्रीकृत क्रिप्टोकरेंसी इसलिए कहा जाता है क्योंकि दुनिया की कोई भी फाइनेंशियल रेग्युलेटरी अथॉरिटी इस पर नियंत्रण नहीं रखती है. ये पीयर-2-पीयर सॉफ्टवेयर और क्रिप्टोग्राफी पर काम करती है ।बिटकॉइन के क्रिएशन को करीब एक दशक बीत चुका है. इन 10 सालों में ये दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बन चुकी है. इस लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन के लिए बिटकॉइन ब्लॉकचेन का इस्तेमाल किया जाता है।प्रत्येक बिटकॉइन 10,00,00,000 सैटोशिस से बना होता है, ये बिटकॉइन की सबसे छोटी इकाई है । इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि 1 रुपये में 100 पैसे होते हैं. ये यूनिट्स एक बिटकॉइन को 8 डेसिमल प्लेस में विभाजित करने लायक बनाती हैं. इसलिए लोग एक बिटकॉइन को कई टुकड़ों में खरीद पाते हैं ।ये बात ध्यान रखने वाली है कि बिटकॉइन जैसा वास्तव में कोई सिक्का या नोट नहीं होता । इसे एक सार्वजनिक खाते में केवल बैलेंस रिकॉर्ड के तौर पर रखा जाता है। बिटकॉइन से जुड़े सभी लेनदेन को रजिस्टर करने में भारी मात्रा में कंप्यूटिंग पावर इस्तेमाल होती है। इसी प्रोसेस को 'माइनिंग' कहा जाता है।

जैसे पहले बताया गया है कि बिटकॉइन को दुनिया के किसी देश की सरकार या वित्तीय संस्था, बैंक इत्यादि जारी नहीं करते हैं. बल्कि दुनिया के कई देशों में इसे वैध मुद्रा तक नहीं माना जाता है. लेकिन एक बात है कि बिटकॉइन के लोकप्रिय होने के बाद से ही दुनिया में कई और क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च की गई.।

## जीवन बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम 22 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली ।**

जीवन बीमा कंपनियों को अगस्त में नई पॉलिसी की बिक्री से प्रीमियम आय 22 प्रतिशत बढ़कर 32,644 करोड़ रुपए हो गई। उद्योग निकाय जीवन बीमा परिषद की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 5 महीनों में बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 1,54,194 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 1,27,661 करोड़ रुपए था। इन आंकड़ों से पता चलता है कि नए पॉलिसी से प्रीमियम आय बढ़कर अगस्त में 32,644 करोड़ रुपए हो गई जबकि अगस्त, 2023 में यह 26,788.55 करोड़ रुपए थी। इस साल अब तक का प्रीमियम संग्रह पिछले साल के 1,27,661 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,54,194 करोड़ रुपए हो गया। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं और कॉरपोरेट ग्राहकों की ओर से बीमा सुरक्षा की मांग लगातार बने रहने के बावजूद अगस्त, 2024 में नई पॉलिसी जारी करने की संख्या 1.44 प्रतिशत घटकर 23,94,007 रह गई। पिछले साल की समान अवधि में बीमा कंपनियों ने 24,28,895 पॉलिसी बेची थीं। जीवन बीमा कंपनियों ने पिछले महीने 1,08,147 व्यक्तिगत जीवन बीमा एजेंट को जोड़ा। वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत में मौजूद एजेंटों की कुल संख्या 3.748 बढ़ चुकी है।

## भारत में वीवो टी 3 अल्ट्रा जल्द होगा लांच



**नई दिल्ली ।**

भारत में चाइनीज कंपनी का वीवो टी 3 अल्ट्रा जल्द लांच हो सकता है। इस फोन को लेकर काफी दिनों से चर्चा चल रही है। ये बजट टी सीरीज में अपना पहला 'अल्ट्रा' डिवाइस होगा। फिलहाल कंपनी ने ऑफिशियल तौर पर ऐसी कोई जानकारी नहीं दी है कि इसे कब लॉन्च किया जाएगा।

हालांकि ऐसा कहा जा रहा है कि इसे सितंबर में ही पेश किया जा सकता है। लॉन्चिंग से पहले फोन के लिए माइक्रोसाइट लाइव हो गई है। वैसे तो फोन की कीमत को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है लेकिन कंपनी के वीवो टी3 प्रो की कीमत को देख कर ऐसा लग रहा है कि आने वाले फोन को 30,000 रुपये से 40,000 रुपये के बीच पेश किया जा सकता है।वीवो के ऑफिशियल वेबसाइट और फ्लिपकार्ट पर जारी हुए टीजर से फोन की कई खासियत के बारे में पता चला है। फीचर्स के तौर पर ये कंफर्म हो गया है कि वीवो टी3 अल्ट्रा में 2800 गुणा 1260 पिक्सल के रेजोलूशन, 120 एचेर्ड्ज रिफ्रेश रेट और 4,500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ 6.78-इंच कर्व्ड अमोलेड डिस्प्ले होगा। वीवो टी3 अल्ट्रा में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9200+ प्रोसेसर दिया जाएगा, और ये 12जीबी तक रैम और 12जीबी वर्चुअल रैम के साथ आ सकता है।

पावर के लिए वीवो टी 3 अल्ट्रा में 5,500 एमएएच की बैटरी दी जा सकती है, और इसे 80वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ पेश किए जाने की उम्मीद है। धूल और पानी से बचाव के लिए फोन को आईपी68 रेटिंग दी जाती है। फोन 7.58एमएम की मोटाई के साथ एक स्लिम डिजाइन में आ सकता है।

कैमरे के तौर पर फोन में पीछे की तरफ डुअल कैमरा सेटअप दिया जाएगा, जिसमें ओआईएस सपोर्ट के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स921 प्राइमरी सेंसर और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड एंगल लेंस होगा। इसके अलावा, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 50 मेगापिक्सल का फ्रंट फेसिंग कैमरा होगा।

## तीन पैसे की गिरावट के साथ बंद हुआ रुपया



**मुंबई ।** रुपया मंगलवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 83.98 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपये ने सीमित दायरे में कारोबार किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.95 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट को दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.63 अंक पर रहा।

## जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को पवन-सौर हाइब्रिड परियोजना का मिला ठेका



**नई दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) से 600 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी बयान के अनुसार इसके बाद कंपनी की कुल 'लॉक-इन' उत्पादन क्षमता बढ़कर 18.2 गीगावाट हो गई है, जिसमें 3.8 गीगावाट (एफडीआई सहित) की कुल 'लॉक-इन' हाइब्रिड क्षमता शामिल है। इसमें कहा गया जेएसडब्ल्यू एनर्जी (कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को एमएसईडीसीएल से ग्रीनशू विकल्प के तहत आवंटित 400 मेगावाट सहित 600 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने हालांकि ठेके के वित्तीय विवरण की कोई जानकारी नहीं दी।

## टाटा की कारों पर 2 लाख तक का बंपर डिस्काउंट



**मुंबई ।** टाटा मोटर्स ने फेस्टिव सीजन के लिए अपनी गाड़ियों पर दो लाख रुपए तक की छूट देने की घोषणा की है। कंपनी ने फेस्टिवल ऑफ कार्स नाम से एक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री को बढ़ाना है। यह छूट 31 अक्टूबर दिवाली तक उपलब्ध रहेगी। टाटा मोटर्स ने ऑफर्स की इस लिस्ट में टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी को शामिल किया है। हालांकि कंपनी ने अपनी 2 सबसे ज्यादा बिक रही कारों- टाटा पंच और हालिया लॉन्च कर्व पर कोई डिस्काउंट नहीं दिया है। टियागो पर 65,000 रुपए, अल्ट्रोज़ पर 45,000 रुपए, टिगोर पर 30,000 रुपए, नेक्सन पर 80,000 रुपए, हैरियर पर 1.60 लाख रुपए और सफारी पर 1.80 लाख रुपए तक की छूट दी जा रही है। टाटा मोटर्स ने डिस्काउंट के बाद अपनी कारों की नई शुरुआती कीमत जारी की है। इसमें टिआगो की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत अब 4.99 लाख रुपए, अल्ट्रोज की 6.49 लाख रुपए, टिगोर 5,99,900 रुपए, नेक्सन की 7.99 लाख रुपए, हैरियर की 14.99 लाख रुपए और सफारी की 15.49 लाख रुपए कर दी गई है

### आईटी और फार्मा ने दौड़ाया बाजार........

## लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद

**सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 2.41 प्रतिशत की तेजी आई।**



**मुंबई ।**

मंगलवार को एशियाई बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज हुई और दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका के महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले आईटी शेयरों में तेजी और कैंसर की चुनिंदा दवाओं पर जीएसटी घटने पर फार्मा शेयरों में लिवाली के चलते बाजार चढ़कर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को तेजी के साथ 81,768.72 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 82,196.55 अंक के उच्च स्तर तक चला गया था। अंत में सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत या 361.75 अंक की बढ़त लेकर 81,921.29 पर बंद हुआ।वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मंगलवार को सकारात्मक नोट के साथ खुला। इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान 25,130.50 अंक के हाई लेवल तक जाने के बाद अंत में निफ्टी 104.70 अंक की तेजी के साथ 25,041.10 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 2.41 प्रतिशत की तेजी आई।

साथ ही एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, मारुति और इंफोसिस के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

वहीं दूसरी तरफ, बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 1.77 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एसबीआई के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दरअसल अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को आए उछाल का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा।

साथ ही विदेशी और घरेलू निवेशकों की लिवाली तथा क्रूड आयल की कीमतों में कमी के चलते बाजार चढ़कर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। चीन और हांगकांग का स्टॉक मार्केट जहां बढ़त में बंद हुए। वहीं दक्षिण कोरिया का कॉपी और जापान का निक्केई 225 गिरावट में बंद हुआ

। इसके अलावा यूरोपीय बाजार मंगलवार को मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे जबकि अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को उछाल के साथ बंद हुए।

## इलैक्ट्रॉनिक उत्पादन के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र जरूरी : मारुति




**नई दिल्ली ।** वाहन उद्योग को विशेष रूप से सैमीकंडक्टर सहित इलैक्ट्रॉनिक कलपुर्जों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महंगे आयात पर निर्भरता कम करने और उत्पादों को किफायती बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। उन्होंने वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एसीएमए) के 64वें सत्र में कहा कि वाहन उद्योग सुविधा, सुरक्षा और विकसित हो रहे नियमों के पालन करने के चलते एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्राहक विशेष सुविधाओं से युक्त तकनीक-संचालित अनुभव चाहते हैं और यह बदलाव वाहनों के भीतर इलैक्ट्रॉनिक्स के इस्तेमाल में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है।**

**नई दिल्ली ।** सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पेट्रोल और डीजल के रेट्स रिवाइज कर दिए हैं। इन कंपनियों ने घरेलू बाजारों के लिए फ्यूल की ताजा कीमतें, मंगलवार, 10 सितंबर के लिए अपडेट की हैं। मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में किसी भी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी नहीं लगता है लेकिन, पेट्रोल का रिटेल सेलिंग प्राइस एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमिशन, वैट जुड़ने के बाद फाइनल होता है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

## चीन का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब डॉलर हुआ



**हांगकांग ।**

विदेशों में मांग बढ़ने की वजह से चीन के निर्यात में लगातार पांचवें महीने वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि धीमी होती चीनी अर्थव्यवस्था के बीच आयात में गिरावट आई है। चीन के सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह अर्थशास्त्रियों के करीब 6.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जुलाई में निर्यात सात प्रतिशत की दर से बढ़ा था। अगस्त में यह आंकड़ा 18 महीने में सबसे मजबूत है। इसकी बड़ी वजह अगस्त 2023 में कम आधार है, जब निर्यात में 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। तुलनात्मक रूप से एक साल पहले की तुलना में आयात में केवल 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए करीब दो प्रतिशत के अनुमान से कम है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने कहा कि निर्यात मूल्य पिछले 17 महीने में सबसे तेज गति से बढ़े हैं। निर्यात की मात्रा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में निर्यात मजबूत रहेगा, जिसे चीन की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में गिरावट से समर्थन मिल रहा है। चीन का व्यापार अधिशेष अगस्त में बढ़कर 91.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो जुलाई में 84.65 अरब अमेरिकी डॉलर था। निर्यात की मांग बढ़ रही है, लेकिन चीन घरेलू मांग को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अगस्त में 0.6 प्रतिशत बढ़ा, जो पूर्वानुमानों से कम है। अधिकारियों ने खराब मौसम के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि को उच्च सीपीआई का कारण बताया। हालांकि मुख्य सीपीआई अगस्त में केवल 0.3 प्रतिशत बढ़ा, जो तीन वर्षों में सबसे कम है। फैक्टरी प्रबंधकों के एक आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में चीन की विनिर्माण गतिविधि छह महीने के निचले स्तर पर आ गई, पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार क्रय प्रबंधक सूचकांक 49.1 पर आ गया। 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन को दर्शाता है।

## सुजलॉन को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से पवन ऊर्जा का मिला ठेका



**नई दिल्ली ।**

अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से 1,166 मेगावाट का देश का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा हो सिल करने का ठेका हो सिल हुआ है। कंपनी का कहना है कि सुजलॉन गुजरात में एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की दो परियोजनाओं और इंडियन ऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की एक परियोजना में हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर (एचएलटी) टावर तथा 3.15 मेगावाट की निर्धारित क्षमता वाले एस144 के कुल 370 पवन टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की स्थापना करेगी। कंपनी ने कहा कि इस ठेके के साथ सुजलॉन की संचीय ऑर्डर बुक तीन सितंबर 2024 तक लगभग पांच गीगावाट हो गई। सुजलॉन समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम देश की प्रमुख पवन ऊर्जा मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) के रूप में एनटीपीसी लिमिटेड की अक्षय शाखा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ साझेदारी कर खुश हैं।



# गुलशन देवैया ने दीपिका को बताया मेहनती



इन दिनो दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्री बनी हुई हैं। दीपिका के साथ काम कर चुके अभिनेता गुलशन देवैया ने अपने एक साक्षात्कार में उनसे जुड़े अनुभव को साझा किया है। गुलशन देवैया ने दीपिका के बारे मे अपनी राय साझा करते हुए कहा कि वो फिल्म के सेट पर कलाकारों को सहज महसूस कराती हैं। वो एकदम पेशेवर अभिनेत्री हैं। सेट पर मिलनसार रहती हैं। हालांकि, बहुत ज्यादा मिलनसार भी नही हैं। गुलशन ने बताया कि दीपिका पादुकोण इस बात को अच्छे से समझती हैं कि काम के दौरान सीमा क्या होनी चाहिए। उनके साथ काम करने में लोग सहज होते हैं, लेकिन इतना भी नहीं कि उनसे दोस्ती की जा सके। गुलशन ने दीपिका को एक मेहनती अभिनेत्री करार दिया। दीपिका पादुकोण और गुलशन देवैया ने फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला में काम किया था, जिसे संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म मे रणवीर सिंह ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी, इसलिए गुलशन का उनके साथ काम करने का भी अनुभव है, जिसे साझा करते हुए उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह हमेशा ही चार्ज रहते हैं। गुलशन ने रणवीर को ऊर्जा का भंडार करार दिया। गुलशन देवैया के अभिनय करियर की बात करें तो उन्होंने शैतान, हंटर, कमांडो 3, हेट स्टोरी, ब्लर, मर्द को दर्द नही होता, बधाई दो, दैट गर्ल इन यैलो बूट्स, ए डैथ इन द गंज, दम मारो दम, दोबारा अलविदा, अनपॉस्ड, लव अफेयर्स और पैडलर्स समेत कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें हाल ही में, थ्रिलर फिल्म उलझ में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। इसमे जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी।



# आईसी 814- द कंधार हाईजैक पर उठे विवादों के बीच बोलीं पत्रलेखा

बॉलीवुड अभिनेत्री पत्रलेखा इन दिनो अपनी हालिया रिलीज सीरीज आईसी 814- द कंधार हाईजैक की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। इस सीरीज में बाकी कलाकारों के साथ-साथ उनके अभिनय की भी काफी सराहना हो रही है। हालांकि, इस सीरीज को काफी विवादों का सामना भी करना पड़ा है। नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रही इस सीरीज को भारत सरकार के द्वारा भी आपत्ति का सामना करना पड़ा था। इस पर बात करते हुए अब पत्रलेखा ने कहा कि है कि ये शो कोई डॉक्यूमेंट्री नही है।

## यह सीरीज कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है

पत्रलेखा इस सीरीज में एक केबिन क्रू की भूमिका निभा रही हैं, जो काफी बहादुरी से मुश्किल हालातों का सामना करती है। इस सीरीज पर पिछले हफ्ते सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने, आतंकवाद को छिपाने और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर आपत्ति जताई थी। इसे लेकर नेटफ्लिक्स के कंटेंट हेड को तलब भी किया गया था। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्रलेखा ने कहा, यह स्पष्ट रूप से कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है। यह एक शो है, जिसे लिखा गया है और जाहिर है, इसके कुछ हिस्से काल्पनिक भी हैं। अभिनेत्री ने कहा कि शो में कई किरदारों ने वास्तविक घटना से जुड़े लोगों के असली नाम का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह सीरीज घटना के प्रति सम्मान और इसे एक नई व्याख्या देने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह सभी लोगों द्वारा इसकी प्रमाणिकता बनाए रखने के साथ-साथ एक निजी अनुभव देने की साझा कोशिश है। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें जब यह शो ऑफर हुआ, तो उनकी वो यादें ताजा हो गई। उन्होंने कहा कि वह इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें बचपन की अपहरण की घटना और बड़ी-बड़ी बंदूकों वाले लोगों की न्यूज में दिखाई गई नाटकीय तस्वीरें याद हैं। वह कंधार की इस घटना से जुड़ी उनकी पहली याद है। अभिनेत्री ने कहा कि ये शो उनकी जिंदगी का एक खास हिस्सा बन कर रहेगा। बताते चलें कि इस सीरीज का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। यह रोमांचक सीरीज 24 दिसंबर, 1999 को इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान को पांच आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिए जाने पर आधारित है। इब्राहिम अतहर, सनी अहमद काजी, जहूर इब्राहिम, शाहिद अख्तर और सईद शाकिर नामक आतंकियों द्वारा इस विमान को हाइजैक कर लिया गया था। ये विमान काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़ी थी, जिसे उड़ान भरने के 40 मिनट बाद ही 154 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के साथ हाइजैक कर लिया गया था। इस सीरीज मे विजय वर्मा, पंकज कपूर, मनोज पाहवा, नसीरुद्दीन शाह आदि कई कलाकार नजर आए हैं।



# क्या सिंघम अगेन में नजर आएंगे सलमान?



हाल ही मे फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी आगामी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन का एक वीडियो साझा किया था, जिसके बाद से ही सिंघम फ्रेंचाइजी के प्रशंसक यह उम्मीद कर रहे हैं, जिस हीरो की एंट्री के बारे मे रोहित शेट्टी वीडियो मे बात करते नजर आ रहे हैं वह कहीं दबंग के चुलबुल पांडे उर्फ सलमान खान तो नहीं है। अजय देवगन स्टारर सिंघम अगेन इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मो में से एक है। यह इस दिवाली पर रिलीज हो रही है। इस बीच, कई तस्वीर और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसने अफवाहों को हवा दे दी है कि सलमान खान फिल्म सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे के रूप में कैमियो कर सकते हैं। प्रशंसक इस कैमियो के लिए उत्साहित हैं और अब यह तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सलमान के एक ने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें एक में सलमान खान और दूसरे में अजय देवगन नजर आ रहे हैं। तस्वीर मे सलमान खान और अजय देवगन को एक सीन मे देख सकते हैं। हालांकि सलमान की सिंघम अगेन में होने की जानकारी को अभीतक रोहित शेट्टी या फिर किसी भी फिल्म के निर्माता ने पुष्टि नहीं की है। दरअसल, रोहित शेट्टी ने हाल ही में एक वीडियो के जरिए फैंस को दिखाया कि इस बार उनकी कॉप यूनिवर्स की फ्रेंचाइजी मे एक बड़े कलाकार की एंट्री का जिक्र किया है। रोहित शेट्टी के इस खास वीडियो के बाद अब सिंघम फ्रेंचाइजी के प्रशंसक यह कयास लगा रहे हैं इस बार रोहित शेट्टी की इस फिल्म में सलमान खान की एंट्री पक्का है। वैसे अभी तक कुछ भी ऑफिशियल नहीं किया गया है। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें हम उन्हे एक कार का स्वागत करते हुए देख सकते हैं। अंदर कोई बैठा है लेकिन वह स्पष्ट नहीं है। कैप्शन में लिखा है, इस हीरो के बिना सिंघम अधूरा है...इस दिवाली स्कॉर्पियो आएगी भी, घूमेगी भी, लेकिन एंट्री किसी और की होगी... अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन इस साल दिवाली पर सिनेमाघरो मे आएगी।

# एला की भूमिका निभाकर छा गईं चार्ली चौहान

टेलीविजन अभिनेत्री चार्ली चौहान अपना जन्मदिन मना रही हैं। चार्ली को असल पहचान शो बेस्ट फ्रेंड्स फॉरेवर से मिली थी। इस शो में अभिनेत्री ने एला की भूमिका निभाकर तारीफें बटोरी थीं। चार्ली ने करियर की शुरुआत रियलिटी शो रोडीस 7 से की थी। चार्ली शो नच बलिए और कैसी ये यारियां में भी नजर आ चुकी है।



# मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर रवि तेजा ने निर्माताओं को लौटाए 4 करोड़ रुपए

एक्टर रवि तेजा को हाल ही में फिल्म मिस्टर बच्चन में देखा गया था। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई है। 70 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म ने महज 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर निर्माताओं को तगड़ा घाटा हुआ है, जिसे देखते हुए तेजा ने बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर तेजा और हरीश ने अपनी फीस का कुछ हिस्सा फिल्म के निर्माता पीपल मीडिया फैक्ट्री को लौटा दिया है। उन्होंने नुकसान को भरपाई के लिए फीस का 15 प्रतिशत हिस्सा लौटाया है। जा रहा है कि तेजा ने 4 करोड़ रुपए और हरीश ने 2 करोड़ रुपए वापस कर दिए हैं। मिस्टर बच्चन अजय देवगन की फिल्म रेड की रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन हरीश शंकर ने किया है। बता दें कि मिस्टर बच्चन की कहानी भी हरीश ने लिखी थी, वहीं भूषण कुमार ने इस फिल्म का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद, विवेक कुचिभोटला, कृष्ण कुमार, अभिषेक पाठक और कुमार मंगल पाठक के साथ मिलकर किया था। इस फिल्म में भाग्यश्री बोरसे और जगपति बाबू जैसे कलाकार भी नजर आए थे।



# फिल्म बॉर्डर 2 में कन्फर्म हुई दिलजीत दोसांझ की एंट्री



सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन भी लीड रोल में नजर आएंगे। पिछले काफी समय से यह खबरें आ रही थीं कि इस फिल्म में सिंगर दिलजीत दोसांझ भी दिखाई देंगे। हालांकि इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई थी। अब इस पर एक नया अपडेट सामने आया है। दरअसल इसमें अब दिलजीत की एंट्री कन्फर्म हो गई है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो साझा किया है, उसके बैकग्राउंड में दिलजीत की आवाज सुनने को मिल रही है। वीडियो में वह कहते हैं... इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से, इन सरहदों पर जब गुरु के पास पहरा देते हैं। बॉर्डर 2 में दिलजीत एक्शन करते नजर आएंगे।



# गानों को आपत्तिजनक बताने पर हनी सिंह ने तोड़ी चुप्पी

हनी सिंह एक मशहूर भारतीय रैपर और गायक हैं। उनके गानों को लेकर अक्सर उन पर सवाल उठाए जाते हैं, जिसे लेकर अब उन्होंने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन पर ही सवाल क्यों उठाए जाते हैं, जबकि इस तरह के गाने हमेशा से बनते रहे हैं।

यो यो हनी सिंह देश के मशहूर रैपर-गायक हैं। उन्होंने कई शानदार पंजाबी गाने बनाए हैं। उन्हें पंजाबी संगीत में क्रांति लाने वाले कुछ चुनिंदा कलाकारों में से एक माना जाता है। हालांकि, उनके गाने कई बार विवादित भी रहे हैं। इस वजह से उनपर कई गंभीर आरोप भी लगे हैं, जिनमें उनके गानों को आपत्तिजनक और महिलाओं के प्रति नफरती भी बताया गया है। हाल में ही रैपर ने इस पर इंटरव्यू के दौरान बात की है। इस दौरान उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि ऐसा करने वाले अन्य लोगों से कभी सवाल क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन्हें ही एक आसान लक्ष्य के रूप में क्यों देखा जाता है?

## सिर्फ मैं ही क्यों गलत

हनी सिंह ने कहा, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने इसमें जोड़ते हुए कहा कि दिग्गज गीतकार गुलजार ने लिखा था, बीड़ी जलाईले जिगर से पिया, जिगर में बड़ी आग है। उन्होंने कहा कि महिला का जिगर कहा होता है? उन्होंने कहा कि लोगों को इससे कोई आपत्ति क्यों नहीं होती है। इसके अलावा उन्होंने एक और गाने का जिक्र करते हुए कहा, जुबान पे लगा नमक इश्क का, इस गाने में महिला का इस तरह का चित्रण क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह यह सब सुनकर बड़े हुए हैं। इस पर उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, फिर मैं ही क्यों गलत हूं?

## अब चुप नहीं बैठेंगे हनी सिंह

मशहूर रैपर-गायक ने आगे कहा कि उन्होंने इन आरोपों पर कभी बात नहीं की, इसलिए लोगों को लगा कि वे आसान शिकार हैं। हालांकि, अब वे चुप नहीं रहेंगे। इस दौरान उनसे महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश करने वाले उनके गीतों के बारे में पूछा गया, तो हनी ने कहा, ऐसे थोड़ी न होता है। उन्होंने कहा कि पहले भी इसी तरह के गाने थे, लेकिन वे लोगों को ठीक लगते थे। हनी ने कहा कि लोग चोली के पीछे क्या है, जैसे विवादास्पद गानों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हनी सिंह को ही क्यों गाली दी जाती है और उनको आप लीजेंड बोलते हो? मैं भी बोलता हूं। हम दोहरी शख्सियत लेकर चल रहे हैं आज के दौर में।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री

बताते चलें कि यो यो हनी सिंह ने अपने शानदार करियर में कुछ बेहद सफल चार्टबस्टर गाने दिए हैं, जिनमें अंग्रेजी बीट, पार्टी ऑल नाइट, लुंगी डांस, ब्लू आइज, सनी सनी, चार बोतल वोडका, आटा माझी सटकली, यार ना मिली, देसी कलाकार, ब्लू आइज जैसे गाने शामिल हैं। अपने करियर की उंचाई के दौरान वह नशा और अपनी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण रैपर लंबे समय तक मनोरंजन जगत से दूर रहे थे। हालांकि, अब एक बार फिर वह सक्रिय हो चुके हैं।

# बच्चे पैदा करने से डरती हैं तमन्ना!



तमन्ना भाटिया इन दिनों श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' में 'आज की रात' गीत की सफलता के चलते खूब सुर्खियों में बनी हैं। हाल ही में उन्होंने एक साक्षात्कार में अपने निजी जीवन के बारे में चर्चा की। इस दौरान अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह बच्चे पैदा करने से क्यों डरती हैं? तमन्ना ने कहा, 'मेरे माता-पिता ने मुझे इस हद तक प्यार करके मेरे लिए सब कुछ बिगाड़ दिया है कि मैं वास्तव में बच्चे पैदा करने से डरती हूं।' अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं किसी को इतना प्यार, देखभाल और पोषण कैसे कर पाऊंगी कि वह वास्तव में एक अलग स्तर पर खिल सके? अभिनेत्री ने इस दौरान रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा की।